# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक 04.06.2024** समय 18.30

- 18वीं लोकसभा के लिए आज आये नतीजों और रूझानों में एनडीए लगातार तीसरी बार बहुमत के पार–भाजपा सबसे बड़ा विजयी दल।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से जीते–कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली से जीत की दहलीज पर।
- राजस्थान में 14 सीटों पर भाजपा और 11 पर इंडी गठबंधन जीत की ओर।
- प्रदेश में कल से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कहीं–कहीं आंधी और बारिश की संभावना।

000

18वीं लोकसभा के लिए भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जरूरी बहुमत का आंकडा मिलता नजर आ रहा है। आज आये जनादेश के रूझानों और परिणामों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई है। पार्टी को 239 सीटें मिलती दिखाई दे रही हैं। इनमें से 36 पर पार्टी प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर ली है, वहीं 203 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। वोटों की गिनती फिलहाल जारी है। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस दूसरी बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई है। पार्टी ने अब तक मिले रूझानों में 90 सीटों पर बढ़त बना रखी है, वहीं पार्टी ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की है।

वाराणासी से भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डेढ लाख से अधिक वोटों के अन्तर से चुनाव जीत चुके हैं। गांधी नगर से पार्टी नेता अमित शाह भी 7 लाख 44 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल

कर चुके हैं। लखनऊ से केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा सीट से अनुराग सिंह ठाकुर भी निर्णायक जीत की ओर हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने करीब सवा 8 लाख वोटों के बडे अन्तर से जीत दर्ज की हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अपनी दोनों सीटों वायनाड और राय बरेली पर निर्णायक बढत बनाये हुए है। अमेठी सीट पर पार्टी के किशोरी लाल ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी पर डेढ लाख से अधिक वोटों के अन्तर से बढत बना रखी है। राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 9 पर जीत हासिल कर ली है जबकि 5 पर पार्टी प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। आज घोषित परिणामों में राजस्थान सहित देश का पहला नतीजा जयपुर शहर लोकसभा सीट का रहा, यहां से भाजपा की मंजू शर्मा 3 लाख 31 हजार से अधिक वोटों के अन्तर से विजयी घोषित हुई है। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर चुके हैं। अलवर से भूपेन्द्र यादव जीत गये हैं। जोधपुर से गजेन्द्र सिंह शेखावत निर्णायक बढ़त बनाये हुए हैं। कोटा से पार्टी प्रत्याशी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और चित्तौडगढ से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी भी जीत की ओर अग्रसर हैं। पार्टी ने जयपुर ग्रामीण, अजमेर, पाली, जालौर में भी बढत बनायी हुई है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने दो सीटों दौसा और करौली–धौलपुर में जीत हासिल कर ली है जबकि पार्टी प्रत्याशी 6 सीटों पर आगे चल रहे हैं। इनमें श्रीगंगानगर, चूरू, झुन्झुनू, भरतपुर, टोंक–सवाईमाधोपुर और बाड़मेर सीट शमिल है। सीकर सीट पर कांग्रेस समर्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अमराराम निर्णायक बढ़त बनाये

हुए हैं। इसी तरह नागौर सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल भी लगातार आगे चल रहे हैं।

....................

प्रदेश की अन्य प्रमुख सीटों में झालावाड़–बारां सीट से पिछली चार बार से सांसद दुष्यंत सिंह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचने में सफल हो गये हैं। दूसरी ओर जालौर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत चुनाव हार गये हैं। अजमेर से मौजूदा सांसद भागीरथ चौधरी और पाली से सांसद पी.पी. चौधरी भी जीत की देहलीज की ओर हैं। सरहदी इलाके की बाडमेर सीट पर कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल लगातार आगे चल रहे हैं, वहां भाजपा के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर पिछड गये हैं।

झुंझुनूं से बृजेन्द्र ओला, और श्रीगंगानगर से कुलदीप इंदौरा भी जीत की ओर अग्रसर दिख रहे हैं। इस बीच प्रदेश की बागीदौरा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी जयकृष्णा पटेल ने जीत हासिल कर ली है। वहां लोकसभा सीट पर भी इसी पार्टी के प्रत्याशी विजयी घोषित हुए हैं

....................

लोकसभा की 543 सीटों में से एनडीए गठबंधन 293 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। वहीं इंडी गठबंधन 232 सीटों पर आगे चल रहा है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच कांटे मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा ने वहां 3 सीटें जीती हैं और 29 सीटों पर

आगे चल रही हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी 37 सीटों पर आगे चल रहे हैं। पार्टी ने एक सीट पर जीत दर्ज कर ली है। कांग्रेस की झोली में 6 सीटें जाती दिख रही हैं।

मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी क्लीन स्विप करती दिख रही है। वहां सभी 29 सीटों पर पार्टी प्रत्याशी जीत दर्ज करते दिखाई दे रहे हैं।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीटें भी भाजपा के खाते में जाती दिख रही हैं। कनार्टक की 28 लोकसभा सीटों में से भाजपा 16 पर और कांग्रेस 10सीटों पर आगे चल रही है।

बिहार में भाजपा गठबंधन ने 31 सीटों पर बढत ले रखी है। महाराष्ट्र में बड़ा उलट फेर दिख रहा है। वहां एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर बनी हुई है। इसी तरह हरियाणा और पंजाब में भी भारतीय जनता पार्टी को झटका लगता दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों ने 42 में से 29 सीटों पर बढत बना रखी है, वहां भाजपा को 12 सीटें जाती दिख रही हैं।

जम्मू कश्मीर में भाजपा के खाते में 2 सीटों की बढ़त दिख रही है। वहां पार्टी प्रत्याशी ऊधमपुर और जम्मू सीट पर बड़े अन्तर से बढत बनाये हुए हैं। भाजपा ने दक्षिण में केरल की त्रिशूर सीट पर बड़ी बढत बना रखी है। राजधानी दिल्ली की सभी 7 सीटें भाजपा के खाते में जाती दिख रही हैं। दूसरी ओर महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन को बड़ा झटका लगता दिख रहा है।

प्रदेश में कल से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कहीं–कहीं आंधी और हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर 8 जून तक रहने के आसार हैं। इस दौरान कहीं–कहीं अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवांए चल सकती हैं। आगामी 24 घंटों में जोधपुर और बीकानेर संभाग में हल्की बारिश की संभावना है। इस बीच आज प्रदेश तेज गर्मी से झुलसता रहा। उत्तर पश्चिमी हिस्सों में पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया। राजधानी जयपुर में कल की तरह भीषण गर्मी रही। क्षेत्र में रात में भी लू के हालात रहे। बूंदी में दिनभर चली लू के बाद बरसात होने से मौसम सुहावना हो गया। श्रीगंगानगर में तेज गर्मी और सूरज की तपिश से लोग बेहाल रहे।

000

कल विश्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने की अपील की है और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में सहभागिता निभाने को कहा है। श्री मिश्र ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और हरित भवनों के निर्माण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है।

000

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की 10वीं और 12वीं कक्षा के स्ट्रीम–वन में पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए सैद्धान्तिक और प्रायोगिक विषयों के "ई–व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ये कार्यक्रम स्टेट ओपन स्कूल की

वेबसाइड और मोबाइल ऐप के माध्यम से रखा गया है। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि अभ्यर्थियों को गूगल प्लेस्टोर से एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉगिन कर निर्धारित अवधि में ई–पीसीपी का कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने बताया कि ई–पीसीपी की अवधि को बढ़ाकर 15 जून कर दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए संदर्भ केन्द्र के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

000